आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)

गुरुवार 31.07.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जारी। अंतिम समाचार मिलने तक पांच हजार छह सौ से अधिक पदों पर परिणाम घोषित।
- मुख्यमंत्री अन्त्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना के तहत लाभार्थियों को सिलेंडर भरने के लिए धनराशि डी.बी.टी. के माध्यम से दी जाएगी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ई.डब्ल्यू.एस (शहरी) आवासों का लाभ लेने वालों का पुनः सत्यापन करने के निर्देश दिए।
- कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा – प्रदेश के सभी जिलों में एक–एक संस्कृत ग्राम जल्द विकसित किए जाएंगे।

**<u>पंचायत चुनाव मतगणना</u>**

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना आज सुबह 8 बजे से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जारी है। प्रधान, ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत सदस्य जिला पंचायत सदस्य के 10 हजार 915 पदों के लिए मतगणना हो रही है। अंतिम समाचार मिलने तक पांच हजार छह सौ से अधिक पदों पर परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। इस दौरान विभिन्न पदों पर चुने गए प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में खासा उत्साह दिखाई दिया। सभी पदों पर देर रात तक परिणाम आने की संभावना है। इस बीच, सभी मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राहुल कुमार गोयल ने बताया कि मतगणना की निगरानी प्रेक्षकों, जोनल मजिस्ट्रेट और पुलिस के अधिकारी कर रहे हैं। सुरक्षा के दृष्टिगत सभी मतगणना केंद्रों पर आवश्यक बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि रिटर्निंग ऑफिसर के स्तर पर चुनाव परिणाम की घोषणा हो जाने के बाद आयोग की वेबसाइट पर इन्हें प्रदर्शित किया जाएगा। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद विजयी जुलूस निकालने पर प्रतिबंध रहेगा।

**<u>मतदान प्रदेश</u>**

राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में ज्यादातर ग्राम प्रधान पद पर नतीजे घोषित किए जा चुके हैं, जबकि क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत सीटों के परिणाम आने का सिलसिला भी जारी है।

अल्मोड़ा जिले में हवालबाग विकासखंड के दूरस्थ गांव सिकुड़ा से ग्राम प्रधान पद के विजयी उम्मीदवार भरत सिंह मेहरा ने कहा कि वे अपने क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करेंगे।

वहीं, ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर विकासखंड में शांतिपुरी खामियां नंबर–एक से प्रधान पद पर निर्वाचित दीपा कांडपाल ने कहा वे क्षेत्र का सम्पूर्ण विकास करने का प्रयास करेंगी।

**<u>गैस रिफिल योजना</u>**

मुख्यमंत्री अन्त्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना के तहत लाभार्थियों को सिलेंडर भरने के लिए धनराशि डी.बी.टी. के माध्यम से दी जाएगी। इस धनराशि का उपयोग लाभार्थी केवल सिलेंडर भरने के लिए ही कर सके, इसके लिए खाद्य विभाग व्यवस्था बनाएगा। प्रदेश में एक लाख चौरासी हजार अन्त्योदय कार्डधारक परिवार इस योजना से जुड़े हैं। योजना का लाभ प्रदेश के लगभग दस लाख लोग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सचिवालय में खाद्य विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि इस योजना का लाभ अन्त्योदय कार्डधारकों को शत–प्रतिशत मिले। मुख्यमंत्री अन्त्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना लागू करने वाला उत्तराखण्ड देश का पहला राज्य है। श्री धामी ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत सभी लाभार्थियों का डेटा अद्यतन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक और अन्य पात्र लोग बायोमैट्रिक कठिनाइयों के कारण राशन से वंचित न रहें, ऐसे सभी मामलों में ऑफलाइन प्रमाणीकरण या वैकल्पिक प्रणाली से

राशन वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वन नेशन वन राशन कार्ड योजना को प्रभावी रूप से लागू किया जाए, ताकि किसी भी स्थान से राशन प्राप्त करने में कोई बाधा न हो। मुख्यमंत्री ने फर्जी राशन कार्ड की पहचान कर संबंधित पर कार्रवाई करने और लापरवाही या अनियमितता बरतने वाले डीलरों तथा अधिकारियों को तत्काल निलंबित करने के भी निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री समीक्षा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ई.डब्ल्यू.एस (शहरी) आवासों का लाभ लेने वालों का पुनः सत्यापन करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। आज सचिवालय में आवास विभाग की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि योजना का लाभ सिर्फ पात्र लोगों को ही मिले। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गलत तरीके से योजना का लाभ लेने वालों और देने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि इस योजना के तहत भविष्य में आवासों का आवंटन केवल पात्र लोगों को ही मिले। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विभिन्न शहरों के मास्टर प्लान के कार्यों में तेजी लाने के साथ ही शहरों की धारण क्षमता का आकलन करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में प्राधिकरणों द्वारा पारित नक्शों के अनुरूप ही निर्माण कार्य किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भवन और सोसाइटी निर्माण कार्यों में जल संचयन और हरियाली का भी विशेष ध्यान दिया जाए। श्री धामी ने राज्य के दोनों मंडलों में एक–एक नए शहर विकसित किए जाने की दिशा में तेजी से कार्य करने के भी निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम ने बताया कि आवास विकास विभाग, आठ गेम चेंजर योजनाओं पर काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य में बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए 191 स्थानों पर पार्किंग निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, जिनमें मल्टी लेवल, टनल, सर्फेस और ऑटोमेटेड पार्किंग शामिल हैं।

## संस्कृत ग्राम विकास

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा है कि प्रदेश के सभी जिलों में एक–एक संस्कृत ग्राम जल्द ही विकसित किए जाएंगे। गौरतलब है कि डॉ. रावत, कर्नाटक राज्य के भ्रमण पर गए थे, जहां उन्होंने शिवमोग्गा जिले के संस्कृत ग्राम मत्तूर का दौरा किया। उन्होंने वहां के स्थानीय लोगों से मिलकर, उनके गांव की वैदिक जीवनशैली के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस संबंध में डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि मत्तूर केवल एक ग्राम नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में संस्कृत ग्राम बनाने को लेकर सरकार तत्पर है और जल्द ही इसका शुभारंभ किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना

केंद्र सरकर रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए कल पहली अगस्त से प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना की शुरुआत कर रही है। इस योजना के प्रति कामगारों को जागरूक करने के उद्देश्य से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय हल्द्वानी द्वारा पंतनगर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी सिद्धार्थ सिंह ने बताया कि योजना के तहत कर्मचारियों को दो किश्तों में 15 हजार रुपए का प्रोत्साहन भत्ता दिया जाएगा। वहीं नौकरी देने वाले संस्थानों को भी दो वर्षों तक अधिकतम तीन हजार रुपए प्रतिमाह का लाभ भी दिया जाएगा।